an>

Title: Need to construct bridges on river Ramganga in Arjunpur and river Ganga between Kamalganj and Kadhar in Farrukhabad parliamentary constituency, Uttar Pradesh.

श्री मुकेश राजपूत (फर्रूखाबाद) : मेरे संसदीय क्षेत्र फर्रूखाबाद (उत्तर प्रदेश) की सीमाएं गंगा, रामगंगा और काली नदी से घिरी हुई हैं। सदियों से बदायूँ-फर्रुखाबाद-हरपालपुर-लखनऊ मार्ग पर रामगंगा नदी पर स्थित अर्जुनपुर में एक पुल के निर्माण की मांग की जाती रही है परन्तु आज तक वह पूर्ण नहीं हो सकी। इसी प्रकार कमालगंज एवं कडहर के मध्य गंगा नदी पर सेतु निर्माण की मांग भी वर्षों पुरानी है लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि यदि यह दो पुल बन जाते हैं तो मेरे संसदीय क्षेत्र फर्रूखाबाद से प्रदेश की राजधानी लखनऊ से सीधा संपर्क हो जाएगा।